मात्र नौकरी प्राप्ति न हो शिक्षा का लक्ष्य : प्रो ओंकार सिंह

जागरण संवाददाता, देहरादून : छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्राप्ति के उद्देश्यों को समझना होगा। मात्र नौकरी के लिए शिक्षा ग्रहण करने के बजाय अपनी जिम्मेदारी का अहसास करें, छात्रों को अपने हितों के साथ-साथ, प्रदेश-देश और समाज के लिए सकारात्मक दिशा में कुछ लक्ष्य तय करने होंगे। यह बात वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शुक्रवार को विवि के कैंपस कालेज महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही।

कुलपति ने इस दौरान छात्राओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से अपनाई जा रही आनलाइन परीक्षा प्रणाली के तहत आनलाइन प्रश्न पत्रों को केंद्रों तक भेजने, उत्तर पुस्तिकाओं की आनलाइन मूल्यांकन प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले आन स्क्रीन मूल्यंकित उत्तर पुस्तिकाएं देखने की व्यवस्था की गई है। ऐसी व्यवस्थाओं पर छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।

कुलपति ने आगामी सेमेस्टर में और सुधार किये जाने का आश्वासन छात्राओं को दिया। इस पर कुलपति ने सहमति देते हुए इस संबंध में निदेशक को कार्यवाई करने के लिए निर्देशित किया। कुलपति ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बैडमिंटन, बास्केटबाल आदि इंडोर खेलों की व्यवस्था किये जाने का भी आग्रह किया।